SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 23/12/2019

Q1. वर्जिनिया की एक बायोकेमिस्ट कैमिला श्रियर ने _____ का खिताब जीता है?

क. मिस अमेरिका 2020

ख. मिस वर्ल्ड 2020

ग. मिस यूरोप 2020

घ. मिस जापान 2020

अमेरिका के वर्जिनिया की एक बायोकेमिस्ट कैमिला श्रियर ने कॉन्टेस्ट में करीब 50 महिलाओं को हराकर मिस अमेरिका 2020 का खिताब जीता है. कैमिला श्रियर के पास 2 साइंस की डिग्रियां हैं और वे अभी वर्जिनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी में फार्मेसी से डॉक्टरेट कर रही हैं.

SarkariExam.Com

Q2. फ्रांस की कॉम्पटीशन अथॉरिटी ने किस पर 167 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है?

क. माइक्रोसॉफ्ट

ख. एप्पल

ग. गूगल

घ. ट्विटर

फ्रांस की कॉम्पटीशन अथॉरिटी ने गूगल पर फाइन गूगल ऐड्स पेज पर सही तरीके से ऐडवर्टाइजिंग न होने की वजह से 167 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है. साथ ही सितंबर में गूगल ने वित्तीय फ्रॉड की जांच के मामले में फ्रांस को 1 बिलियन यूरो देने का वादा किया था.

Q3. भारतीय मूल के किस अमेरिकी नागरिक को "अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन" का निदेशक नियुक्त किया गया है?

क. सुमित शर्मा

ख. गुरप्रीत सिंह

ग. सेतुरमण पंचनाथन

घ. संजय बांगर

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक सेतुरमण पंचनाथन को "अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन" का निदेशक नियुक्त किया गया है. यह अमेरिका सरकार की संस्था विज्ञान और इंजीनियरिंग सहित सभी गैर-चिकित्सा क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य करने में सहायता करती है.

SarkariExam.Com

Q4. एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018 में दुनिया में होने वाले कुल इंटरनेट शटडाउन में से 67 फीसदी किस देश में हुए?

क. जापान

ख. चीन

ग. भारत

घ. ऑस्ट्रेलिया

इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018 में दुनिया में होने वाले कुल इंटरनेट शटडाउन में से 67 फीसदी (134 बार) भारत में हुए है. जबकि इस वर्ष ही भारत में सिर्फ 19 दिसंबर को 95वीं बार इंटरनेट शटडाउन हुआ था.

Q5. हाल ही में किसने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई को 45 नई ट्रेन-18 ट्रेनों के निर्माण की मंजूरी दे दी है?

क. निति आयोग

ख. रेलवे बोर्ड

ग. सुप्रीमकोर्ट

घ. हाईकोर्ट

रेलवे बोर्ड ने हाल ही में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई को 45 नई ट्रेन-18 ट्रेनों के निर्माण की मंजूरी दे दी है. ट्रेन-18 को वंदे भारत एक्सप्रेस के नाम से जाना जाता है. नई ट्रेन 2021-22 आएगी और भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर ट्रेन के शुरुआत की जाएगी.

SarkariExam.Com

Q6. 22 दिसम्बर को पुरे भारत में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. राष्ट्रीय गणित दिवस

ख. राष्ट्रीय हिंदी दिवस

ग. राष्ट्रीय अंग्रेजी दिवस

घ. राष्ट्रीय उर्दू दिवस

22 दिसम्बर को पुरे भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है. आज के दिन गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म हुआ था. उनकी याद में हर साल 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है.

Q7. 63वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की जीना खिट्टा ने कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर मेडल

63वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की जीना खिट्टा ने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है. 18 वर्षीय जीना खिट्टा ने अपूर्वी चंदेला और सीनियर शूटर मेहुली घोष को हराकर गोल्ड मेडल जीता है.

SarkariExam.Com

Q8. कतर इंटनेशनल कप में कितने किलो वर्ग में वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने गोल्ड मेडल जीता है?

क. 35 किलो वर्ग

ख. 49 किलो वर्ग

ग. 55 किलो वर्ग

घ. 60 किलो वर्ग

कतर इंटनेशनल कप में महिलाओं के 49 किलो वर्ग में वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने गोल्ड मेडल जीता है. वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने कुल 194 किलो वजन उठाया था. हालांकि, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 201 किलो है.

Q9. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज चार्ल लैंगवेल्ट ने किस टीम के गेंदबाजी कोच के पद से इस्तीफ़ा दे दिया है?

क. बांग्लादेश क्रिकेट टीम

ख. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ग. श्रीलंका क्रिकेट टीम

घ. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम

हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज चार्ल लैंगवेल्ट ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के पद से इस्तीफ़ा दे दिया है. उन्होंने कहा है की उन्हें दक्षिण अफ्रीका की टीम के साथ काम करने का ऑफर मिला है.

SarkariExam.Com

Q10. अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने किस पुरूष टेनिस खिलाडी को 2019 के वर्ल्ड चैम्पियन चुना है?

क. रोजर फेडरर

ख. नोवाक जोकोविच

ग. सुमित नांगल

घ. राफेल नडाल

अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने पुरूष टेनिस खिलाडी राफेल नडाल को 2019 का वर्ल्ड चैंपियन चुना है. वंही ऑस्ट्रेलिया की टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी को भी 2019 का वर्ल्ड चैंपियन चुना गया है.

Q11. गूगल की मातृ कंपनी अल्फाबेट के सीईओ बनाने पर सुंदर पिचाई के वेतन में करीब कितने फीसदी का इजाफा हुआ है?

क. 100 फीसदी

ख. 200 फीसदी

ग. 300 फीसदी

घ. 500 फीसदी

गूगल की मातृ कंपनी अल्फाबेट के सीईओ बनाने पर सुंदर पिचाई के वेतन में करीब 200 फीसदी का इजाफा हुआ है. सुंदर पिचाई को 1720 करोड़ रुपये का पैकेज मिलेगा जिसमे शेयर और 1720 करोड़ रुपये के शेयर और 14.22 करोड़ रुपये का सालाना वेतन शामिल है.

SarkariExam.Com

Q12. अमेरिकी संसद ने ई-सिगरेट सहित तंबाकू उत्पादों को खरीदने की उम्र सीमा बढाकर कितनी कर दी है?

क. 19 साल

ख. 20 साल

ग. 21 साल

घ. 18 साल

अमेरिकी संसद ने हाल ही में ई-सिगरेट सहित तंबाकू उत्पादों को खरीदने की उम्र सीमा बढाकर 21 साल कर दी है जो की पहले 18 वर्ष थी. हालाँकि इस कानून में परिवर्तित के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर जरूरी होंगे.

Q13. दुनिया के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठनों में एक "बीआरएसी" के संस्थापक फजले हसन आबिद का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 78 वर्ष

ख. 83 वर्ष

ग. 89 वर्ष

घ. 92 वर्ष

दुनिया के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठनों में एक बांग्लादेश रूरल एडवांसमेंट कमेटी (बीआरएसी) के संस्थापक फजले हसन आबिद का हाल ही में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. वे मस्तिष्क में ट्यूमर से ग्रस्त थे और उनका इलाज़ चल रहा था.

SarkariExam.Com

Q14. भारतीय मूल की डॉक्टर _____ को अमेरिका के संघीय संचार आयोग में सीटीओ नियुक्त किया गया है?

क. प्रीति घोष

ख. मोनीषा घोष

ग. सुमन घोष

घ. सुनीता मिश्रा

भारतीय मूल की डॉक्टर मोनीषा घोष को हाल ही में अमेरिका के संघीय संचार आयोग में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ) नियुक्त किया गया है. वे इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं. मनीषा घोष आयोग के टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के साथ करीब से काम करेंगी.

Q15. हाल ही में किसने कतर टी-10 लीग में भ्रष्टाचार निरोधक जांच शुरू की है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. सीबीआई

ग. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद

घ. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में कतर टी-10 लीग में भ्रष्टाचार निरोधक जांच शुरू की है. 1 वर्ष पहले आईसीसी से लेने वाली इस लीग में दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमा समेत कई रिटायर्ड खिलाड़ियों ने भाग लिया था. इस लीग का आयोजन 07 दिसंबर से 16 दिसंबर तक किया गया था.

SarkariExam.Com

Q16. अमेरिका के किस क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 4.6 फीसदी किया है?

क. मुद्दिज़

ख. फार्च्यूनर

ग. फिच

घ. फोर्ब्स

अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 4.6 फीसदी किया है. रिपोर्ट के मुताबिक फिच का मानना है की इस समय भारत में कंपनियों और उपभोक्ताओं का आत्म विश्वास कम हो रहा है.

Q17. सेबेस्टीनो एस्पोसिटो कितने साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपने क्लब के लिए गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं?

क. 60 साल

ख. 80 साल

ग. 100 साल

घ. 150 साल

सेबेस्टीनो एस्पोसिटो 60 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपने क्लब के लिए गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं. उनकी उम्र 17 साल 172 दिन थी. उनसे पहले 1958 में मारियो कार्सो ने 17 साल की उम्र में गोल किया था.

SarkariExam.Com

Q18. वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुनगा ने कतर इंटरनेशनल कप में 67 किग्रा वेट कैटेगरी में कुल कितने किलो वजन उठाकर सिल्वर मेडल मेडल जीता है?

क. 102 किलो

ख. 204 किलो

ग. 306 किलो

घ. 408 किलो

वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुनगा ने कतर इंटरनेशनल कप में 67 किग्रा वेट कैटेगरी में 306 किलो वजन उठाकर सिल्वर मेडल मेडल जीता है. जेरेमी लालरिनुनगा ने स्नैच में 140 किलो और क्लीन एंड जर्क में 166 किलो वजन उठाया था.

Q19. लियोनल मेसी ने लगातार कौन से साल 50 गोल करने का रिकॉर्ड बनाया है?

क. दुसरे साल

ख. तीसरे साल

ग. चौथे साल

घ. छठे साल

स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने हाल ही में लगातार छठे साल 50 गोल करने का रिकॉर्ड बनाया है. उन्होंने एल्वेस के खिलाफ मैच में 69वें मिनट में गोल दागकर अपने 50 गोल पूरे किये. अब बार्सिलोना ला लिगा की सूची में 39 अंकों के साथ पहले स्थान आ गया है.

SarkariExam.com

Q20. दोहा में खेले गए फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप का फाइनल लिवरपूल ने कौन सी बार क्लब वर्ल्ड कप फाइनल जीता है?

क. पहली बार

ख. दूसरी बार

ग. तीसरी बार

घ. पांचवी बार

दोहा में खेले गए फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप का फाइनल लिवरपूल ने फ्लेमिंगो को 1-0 से हराकर पहली बार क्लब वर्ल्ड कप फाइनल जीता है. साथ ही लिवरपूल ने 6 महीने में अपना तीसरा ख़िताब जीता है. क्लब लिवरपूल ने जून में चैम्पियंस लीग और अगस्त में यूएफा सुपरकप जीता था.

SarkariExam.Com